प्रादेशिक समाचार
दिनांक–01.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड में लोकसभा चुनाव के पांचवें और छठे चरण की नामांकन प्रकिया जारी, हजारीबाग से इंडी गठबंधन के जेपी पटेल और धनबाद सीट से अनुपमा सिंह आज भरेंगी पर्चा।

2. झारखंड उच्च न्यायालय ने छह हजार करोड़ से अधिक खर्च होने के बाद सरायकेला की खरकई डैम परियोजना को बंद करने पर मुख्य सचिव से मांगा जवाब।

3. जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट से एक दिन की मांगी औपबंधिक जमानत।

4. मौसम विभाग ने राज्य के ग्यारह जिलों में आज भीषण गर्मी और लू चलने का जारी किया ऑरेंज अलर्ट, पांच मई से राहत मिलने की उम्मीद।

5. राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग प्रतियोगिता के उदघाटन मैच में कल झारखंड ने मणिपुर को 3–0 से किया पराजित, आज भी होंगे चार लीग मैच।

******************

झारखंड में लोकसभा चुनाव के पांचवें और छठे चरण की नामांकन प्रकिया जारी है। हजारीबाग सीट से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार जेपी पटेल भी आज नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह आज पर्चा दाखिल करेंगी। वहीं कोडरमा सीट से एनडीए प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी कल नामांकन दाखिल करेंगी। जबकि रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ कल 2 मई को अपना नामांकन करेंगे। संजय संठ के नामांकन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश भाजपा के प्रदेश के नेता, आजसू प्रमुख सुदेश महतो, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो सहित कई सांसद, विधायक मौजूद रहेंगे।

******************

सरायकेला के खरकई डैम प्रोजेक्ट में छह हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च होने के बाद राज्य सरकार द्वारा इसे बंद करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई कल झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट ने मुख्य सचिव से पूछा कि छह हजार एक सौ करोड़ रुपये खर्च होने के बाद खरकाई डैम प्रोजेक्ट क्यों पूरा नहीं किया जा रहा है। अगर वहां ग्रामीण आंदोलनरत हैं तो उसके लिए सरकार क्या कर रही है और इस परियोजना पर राज्य सरकार ने अंतिम रूप से क्या निर्णय लिया है। कोर्ट ने इन बिंदुओं पर मुख्य सचिव को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले का अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है।

******************

राज्य के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर झारखंड हाई कोर्ट में कल सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार ने हाई कोर्ट द्वारा मामले में लिये गए स्वतः संज्ञान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है, इस पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में अभी लंबित है। इसलिए समय दिया जाए। कोर्ट ने सरकार का आग्रह स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई जून माह में निर्धारित की है।

******************

ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के. श्रीनिवासन ने सभी जिलों को मनरेगा योजना में मजदूरों का शत–प्रतिशत आधार सीडिंग कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा में आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम के अंतर्गत एक सौ फीसदी श्रमिकों को पंजीकृत किया जाना है लेकिन वर्तमान में यह आंकड़ा 88 फीसदी ही है। ऐसे में बाकी पात्र श्रमिकों के आधार सीडिंग कराने का निर्देश दिया है।

******************

एनआईए के महानिदेशक सदानंद दाते कल रांची पहुंचे। इस दौरान उन्होंने डीजीपी अजय कुमार सिंह से पुलिस मुख्यालय में मुलाकात की। दोनों पदाधिकरियों ने झारखंड में आतंकवाद और नक्सलवाद के विरुद्ध योजनाबद्ध तरीके से की जा रही कार्रवाई तथा हाल के दिनों में प्राप्त सफलताओं पर चर्चा की।

******************

जेईई मेंस 2024 की परीक्षा में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खूंटी की छात्राओं ने परचम लहराया है।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट से एक दिन की औपबंधिक जमानत मांगी है। उन्होंने कोर्ट से आग्रह किया है कि उन्हें अपने चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होना है। श्री सोरेन फिलहाल जमीन घोटाले के आरोप में बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा में बंद हैं। हाईकोर्ट इस मामले की सुनवाई तीन मई को करेगा।

******************

झारखंड भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। मौसम विभाग ने आज के लिए झारखंड के ग्यारह जिलों में भीषण गर्मी पड़ने और लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ये जिले हैं– पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां, बोकारो, धनबाद, देवघर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज और गोड्डा है। वहीं चार जिले गढ़वा, चतरा, पलामू, रांची, रामगढ़, खूंटी के लिए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार चार मई तक राज्य में हीट वेव का असर रहेगा। पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में कल सर्वाधिक अधिकतम तापमान 47.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी रांची का तापमान भी 40 डिग्री पार हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 5 और 6 मई के बीच बारिश की संभावना व्यक्त की है। इधर जानकारी के अनुसार दुमका में भीषण गर्मी से दो लोग बेहोश हो गये। इसमें एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी।

******************

चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के धनगड्डा भंडार में कल कई घरों में आग लग गयी। आग में 16 परिवारों के घर पूरी तरह जल गए। तेज हवा और आग लगे घरों में रखे पांच घरेलू सिलेण्डर फटने से आग और ज्यादा भयावह हो गई। तीन दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

******************

राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024–25 प्रतियोगिता रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में कल से शुरू हो गई। इस प्रतियोगिता में झारखंड, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बंगाल, मिजोरम, मणिपुर और ओड़िशा भाग ले रहा है। प्रतियोगिता के पहले दिन कल चार मैच खेले गये। झारखंड ने मिजोरम को 3–0 से हरा दिया। ओड़िशा ने हरियाणा को 4–1 से जबकि महाराष्ट्र ने मणिपुर को 5–1 से पराजित किया। वहीं मध्य प्रदेश ने बंगाल को 1–0 से हरा दिया। आज झारखंड का मुकाबला बंगाल से होगा।

******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

राज्य के अधिकांश अखबारों ने जैक की इंटर परीक्षा का रिजल्ट प्रकाशन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक हिंदुस्तान ने जमशेदपुर में स्वाइन फ्लू का संदिग्ध मिलने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।
दैनिक भास्कर ने कोविशल्ड टीका विवाद पर लिखा है– टीके से रिस्क 10 लाख में एक, इसलिए घबरायें नहीं।

प्रभात खबर ने बहरागोड़ा में तापमान 47 डिग्री से अधिक होने और भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किये जाने की खबर को प्रमुखता दी है।

वहीं दैनिक जागरण और राष्ट्रीय नवीन मेल ने छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के मारे जाने की खबर को प्रमुखता दी है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने दुमका में लू लगने में एक व्यक्ति की मौत को पहले पेज पर जगह दी है।

हिंदुस्तान टाइम्स ने टी–20 विश्वकप मे संजू सैमसन और युजवेंद्र चहल के टीम में शामिल होने और केएल राहुल के बाहर होने की खबर को पहली सुर्खी बनायी है।

******************